पत्रिका

अनुभूति 2022-23 कार्यक्रम का आयोजन

अभिभावक और शिक्षक ही गढ़ते हैं विद्यार्थियों का भविष्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसके अभिभावकों और शिक्षकों का ही हाथ होता है। छात्र यदि लगनशील है तो उसे घर से लेकर शिक्षण संस्थान तक प्रोत्साहन और मार्गदर्शन मिलता है। यह बातें स्टेला मैरिस कॉलेज में हिन्दी क्लब के सहयोग से वासुदेव कुटुम्बक्कम पर आधारित आयोजित कार्यक्रम अनुभूति 2022-23 में मुख्य अतिथि कॉलेज की हिन्दी विभाग की पूर्व फेकल्टी डा. कमला ने कही। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की गेस्ट फेकल्टी डा. नजीम बेगम ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के आपसी समायोजन को बढ़ाते हैं। उन्होंने वासुदेव कुटुम्बक्कम के महत्व पर जोर दिया।

स्टेला मैरिस कॉलेज में अनुभूति 2022-23 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छात्राओं ने पेश किया सास्कृतिक कार्यक्रम

स्टेला मैरिस कॉलेज के भाषा विभाग की प्रमुख डा. श्रावणी भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण दिया और छात्राओं को उनकी सफलता के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अनुभूति क्लब की क्लब एडवाइजर डा. फातिमा, वाइस प्रिंसिपल जे. रेजी मणिमेघला और शैनी जोन वैरामॉन आदि उपस्थित थे। संचालन कॉलेज छात्रा अपूर्वी ने किया। छात्राओं ने सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

Newspaper: Rajasthan Patrika (e-news)

Date: 12 February 2023

Link: https://epaper.patrika.com/Home/ShareArticle?OrgId=122985bca4c&eid=58&imageview=1